बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 03 अगस्त, 2024

## 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

### प्रमुख विशेषताएं (तिमाही 1 वित्तीय वर्ष 25)

- ★ वैश्विक कारोबार में वर्ष-दर-वर्ष 12.34% की वृद्धि हुई है।
- ★ वैश्विक जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 9.74% की वृद्धि हुई है।
- ★ वैश्विक अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 15.82% की वृद्धि हुई है।
- ★ अग्रिमों (घरेलू) में वर्ष-दर-वर्ष 17.29% की वृद्धि हुई है।
- ★ आर.ए.एम अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 18.78% की वृद्धि हुई और यह अग्रिमों का 56.01% है।
- ★ रिटेल ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 20.46% की वृद्धि हुई है।
- ★ कृषि ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 22.18% की वृद्धि हुई है।
- ★ एम.एस.एम.ई ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 13.06% की वृद्धि हुई है।
- ★ कासा जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 5.51% की वृद्धि हुई और कासा अनुपात 42.68% रहा है।
- ★ शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 10% की वृद्धि हुई और यह 1,703 करोड़ रुपये हो गया है।
- ★ अग्रिमों पर प्रतिफल (वैश्विक) में वर्ष-दर-वर्ष 50 बीपीएस की वृद्धि हुई है।
- ★ अग्रिमों पर प्रतिफल (घरेलू) में वर्ष-दर-वर्ष 52 बीपीएस की वृद्धि हुई है।
- ★ सकल एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 205 बीपीएस की कमी आई है।
- ★ शुद्ध एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 66 बीपीएस की कमी आई है।
- ★ प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 92.11% रहा है।
- ★ सीआरएआर 16.18% तथा सीईटी-1 अनुपात 13.62% रहा है।

Classification: **Internal**

## लाभप्रदता

- **निवल लाभ** तिमाही के लिए **निवल लाभ**, वर्ष-दर-वर्ष 10% सुधरा तथा वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **रु 1,703 करोड़** रहा जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में रु. 1,551 करोड़ था।

- **परिचालन लाभ,** वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **रु 3,667 करोड़** रहा जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में रु. 3,752 करोड़ था।

- **निवल ब्याज आय (एन.आई.आई),** वर्ष-दर-वर्ष 6% की दर से बढ़ी तथा वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **रु 6,275 करोड़** रही जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में रु. 5,914 करोड़ थी।

- **गैर-ब्याज आय,** वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **रु 1,302 करोड़** रही जो वित्तीय वर्ष 24 की तिमाही 1 में रु 1,462 करोड़ थी।

## अनुपात:

- **एनआईएम (वैश्विक)**, वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 3.03% से 4 बीपीएस सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **3.07%** हो गया। **एनआईएम (घरेलू)**, वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 3.37% से 6 बीपीएस सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **3.43%** हो गया।

- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए)**, वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **0.70%** रहा जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 0.71% था।

- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई)**, वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **13.48**% रहा जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 15.18% था।

- **लागत पर आय अनुपात (वैश्विक)**, वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **51.47%** रहा**,** जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 49.14% था।

- **स्लिपेज अनुपात**, वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 0.53% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **0.35%** हो गया।

- **ऋण लागत,** वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 0.64% की तुलना में वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **0.85%** हो गई।

- **अग्रिमों पर प्रतिफल** (वैश्विक), वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 8.10% से 50 बीपीएस सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **8.60%** हो गया।

- **जमाराशियों की लागत (वैश्विक)**, वित्तीय वर्ष 25 तिमाही 1 में **4.82%** रही**,** जो वित्तीय वर्ष 24 तिमाही 1 में 4.22% थी।

## कारोबार:

- **वैश्विक कारोबार**, वर्ष-दर-वर्ष **12.34%** की वृद्धि के साथ जून' 23 में रु. 12,14,808 करोड़ से बढ़कर जून' 24 में रु. 13,64,660 करोड़ हो गया।

- **वैश्विक जमाराशियां**, वर्ष-दर-वर्ष **9.74%** की वृद्धि के साथ जून' 23 में रु. 6,96,544 करोड़ से बढ़कर जून' 24 में रु. 7,64,396 करोड़ हो गए।

- **वैश्विक अग्रिम**, वर्ष-दर-वर्ष **15.82%** की वृद्धि के साथ जून' 23 में रु. 5,18,264 करोड़ से बढ़कर जून' **24** में **रु. 6,00,264 करोड़** हो गई।

- जून' 24 में **विदेशी जमाराशियां**, वर्ष-दर-वर्ष **8.83%** बढ़कर रु.1,16,479 करोड़ हो गईं तथा **विदेशी अग्रिम** वर्ष-दर-वर्ष **8.32%** बढ़कर रु. 92,095 करोड़ हो गए।

- **घरेलू जमाराशियां**, वर्ष-दर-वर्ष **9.91%** की वृद्धि के साथ जून' 23 में रु. 5,89,517 करोड़ से बढ़कर जून' 24 में रु. 6,47,917 करोड़ हो गईं।

- **घरेलू कासा जमाराशियों** में वर्ष-दर-वर्ष **5.51%** की वृद्धि हुई तथा जून' 23 में रु. 2,60,615 करोड़ से बढ़कर जून' 24 में रु. 2,74,973 करोड़ हो गईं तथा कासा प्रतिशत 42.68% रहा।

- **घरेलू अग्रिम**, वर्ष-दर-वर्ष **17.29%** की वृद्धि के साथ जून' 23 में रु. 4,33,246 करोड़ से बढ़कर जून' 24 में रु. 5,08,169 करोड़ हो गए।

- **आरएएम अग्रिम**, वर्ष-दर-वर्ष **18.78%** की वृद्धि के साथ जून' 24 में रु. 2,84,646 करोड़ हो गए**,** जो अग्रिमों का 56.01% है।

- **रिटेल ऋण**, वर्ष-दर-वर्ष **20.46%** की वृद्धि के साथ जून' 24 में रु. 1,15,183 करोड़ हो गए।

- **कृषि ऋण**, वर्ष-दर-वर्ष **22.18%** की वृद्धि के साथ जून' 24 में रु. 88,977 करोड़ हो गए।

- **एमएसएमई ऋण**, वर्ष-दर-वर्ष **13.06%** की वृद्धि के साथ जून' 24 में रु. 80,486 करोड़ हो गए।

## आस्ति गुणवत्ता :

- **सकल एनपीए** में वर्ष-दर-वर्ष 20% की कमी आई तथा यह जून'23 के रु.34,582 करोड़ से घटकर जून'24 में **रु. 27,716 करोड़** हो गया।
- **निवल एनपीए** में वर्ष-दर-वर्ष 30% की कमी आई तथा यह जून'23 के रु.8,118 करोड़ से घटकर जून'24 में **रु. 5,702 करोड़** रहा।
- **सकल एनपीए अनुपात** 205 बीपीएस के सुधार के साथ जून'23 के 6.67% से सुधरकर जून'24 में **4.62%** हो गया।
- **निवल एनपीए अनुपात** 66 बीपीएस के सुधार के साथ जून'23 के 1.65% से सुधरकर जून'24 में **0.99%** हो गया।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर)** जून'24 में **92.11%** रहा।

## पूंजी पर्याप्तता :

- बैंक के कुल **पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर)** में 58 बीपीएस का सुधार हुआ तथा यह 30 जून 2023 के 15.60% के विरुद्ध 30 जून 2024 को 16.18% रहा।
- **सीईटी -1 अनुपात** यथा 30.06.24 को **13.62%** रहा।

## प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

- **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र** के अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 15.55% वृद्धि हुई है और यथा जून'24 को उपलब्धि **एएनबीसी का 45.61%** रही। कृषि अग्रिमों ने एएनबीसी का 21.29% प्राप्त किया है।
- **लघु एवं सीमांत किसानों** को दिये गए अग्रिम विनियामकीय मानदंड 10% की तुलना में जून'24 में **एएनबीसी का 11.73%** रहे हैं।
- **कमजोर वर्गों** को दिए गए अग्रिम विनियामकीय मानदंड 12% की तुलना में जून'24 में **एएनबीसी का 15.70%** रहे हैं।

## वित्तीय समावेशन

- बैंक द्वारा तिमाही-1-वि.वर्ष'25 में 3.78 लाख नए पीएमजेडीवाई खाते खोले गए हैं।

(सं. लाख में)

| **जनसुरक्षा नामांकन** | **30.06.23** | **30.06.24** |
|---|---|---|
| पीएमजेजेबीवाई | 97.96 | 105.68 |
| पीएमएसबीवाई | 189.51 | 252.72 |
| एपीवाई | 28.12 | 33.85 |

## डिजिटल बैंकिंग:

- ★ इंटरनेट बैंकिंग प्रयोगकर्ता: जून 2023 के 8.5 मिलियन से बढ़कर जून 2024 में 9.0 मिलियन हो गए।
- ★ मोबाइल बैंकिंग प्रयोगकर्ता: मार्च 2024 के 3.4 मिलियन से बढ़कर जून 2024 में 4.9 मिलियन हो गए।
- ★ यूपीआई प्रयोगकर्ताओं की संख्या, जून 2023 के 16.2 मिलियन से बढ़कर जून 2024 में 19.5 मिलियन हो गई।

## शाखा नेटवर्क:

- ★ यथा 30 जून 2024, बैंक की देश में 5155 शाखाएं हैं।
- ★ ग्रामीण: 1863 (36%), अर्ध-शहरी: 1466 (29%), शहरी: 835 (16%), मेट्रो: 991 (19%)

## सोशल मीडिया पर उपस्थिति:

सोशल मीडिया पर हमारे फ़ॉलोवर्स की संख्या, यथा 30.06.24:

| | | |
|---|---|---|
| facebook<br>5,43,322 | Twitter<br>1,60,011 | Linkedin<br>88,670 |
| Instagram<br>70,817 | Youtube<br>12,027 | Koo<br>1,500 |

*******

Classification: **Internal**



Visit: **www.bankofindia.co.in** | Follow us on